लेखाशास्त्र

अध्याय-11: अपूर्ण अभिलेखों से खाते

SHIVOM CLASSES 8696608541

अपूर्ण अभिलेखों का अर्थ

अपूर्ण लेखा विधि का अर्थ (Meaning of Incomplete Record System)—वह लेखा पद्धति जो दोहरा लेखा पद्धति पर आधारित होती है लेकिन इसमें सभी लेन-देन का दोहरा लेखा नहीं किया जाता है, उसे अपूर्ण लेखा विधि या इकहरा लेखा विधि कहते हैं।इसे छोटे व्यापारियों द्वारा अपनाया जाता है ।इस पद्धति में लेखा पुस्तकों में केवल व्यक्तिगत खाते ही खाले जाते हैं, वस्तुगत तथा नाममात्र के खाते नहीं खाले जाते हैं।इस विधि में नकद लेन-देनों का लेखा करने के लिए रोकड़ बही भी रखी जाती है।अतः यह कहा जा सकता है कि खाते नहीं खाले जाते हैं।इस विधि में नकद लेन-देनों का लेखा करने के लिए रोकड़ बही भी रखी जाती है।अंतः यह कहा जा सकता है कि यह कोई अलग प्रणाली न होकर दोहरा लेखा प्रणाली का ही अपूर्ण रूप है।

ई. एल. कोहलर के अनुसार, "पुस्तपालन की वह प्रणाली जिसमें नियमानुसार केवल रोकड़ तथा व्यक्तिगत खातों का लेखा रखा जाता है, यह सर्वदा अपूर्ण दोहरा लेखा प्रणाली है जो स्थितियों के अनुसार परिवर्तित होती रहती है।"

कार्टर के अनुसार, "इकहरी लेखा प्रणाली लेन-देनों का लेखा करने की ऐसी पद्धति अथवा पद्धतियों का मिश्रण है जिसमें किसी लेन-देनों के दोनों पहलुओं का लेखा नहीं किया जाता, फलस्वरूप यह पद्धति व्यवसायी को ऐसी आवश्यक सूचनाएँ उपलब्ध नहीं करा पाती, जिनसे वह अपने व्यवसाय की स्थिति जान सके।"

अपूर्ण लेखों में लोभ की गणना का सूत्र

अपूर्ण लेखों में लोभ की गणना का सही सूत्र

दोहरा लेखा पद्धति तथा अपूर्ण लेखा पद्धति में अन्तर

(Difference between Double Entry. System and Incomplete. Record System)

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

आधार (Basis)	दोहरा लेखा पद्धति (Double Entry System)	अपूर्ण लेखा पद्धति (Incomplete Record System)
सिद्धान्त (Principles)	यह दोहरा लेखा सिद्धान्त तथा निश्चित मान्यताओं पर आधारित है।	यह किसी गणना या सिद्धान्त पर आधारित नहीं है।
खाते (Accounts)	इसमें व्यक्तिगत, वास्तविक तथा नाममात्र तीनों ही प्रकार के खाते तैयार किये जाते हैं।	इसमें रोकड़ बही तथा व्यक्तिगत खाते ही तैयार किये जाते हैं।
प्रयोग (Use)	इस पद्धति का प्रयोग व्यापक रूप से किया जाता है।	इसका प्रयोग केवल छोटे व्यापारी ही करते है।
प्रविष्टियाँ (Entries)	इस पद्धति में सभी लेन-देनों की दो प्रविष्टियाँ की जाती हैं।	इस पद्धति में कुछ लेन-देनों की दो, कुछ की एक प्रविष्टि की जाती है तथा कुछ लेन-देनों का लेखा ही नहीं किया जाता है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

व्यवसाय का मूल्यांकन (Valuation of Business)	इस पद्धति में व्यापार बेचने पर मूल्यांकन करना सरल होता है।क्योंकि सभी लेखे पूर्ण रूप से किये जाते हैं।	इसमें अनुमान से ही व्यापार का मूल्यांकन किया जाता है।
तलपट (Trial Balance)	इसमें तलपट बनाकर खातों की गणितीय शुद्धता जाँच ली जाती है।	इसमें तलपट नहीं बनाया जाता है।
शुद्ध लाभ/हानि (Net Profit/Loss)	इसमें लाभ-हानि खाता बनाकर शुद्ध लाभ/हानि की गणना की जा सकती है।	इसमें शुद्ध लाभ/ हानि की गणना ठीक प्रकार करना सम्भव नहीं है।
वित्तीय-स्थिति (Financial Position)	इसमें चिट्ठी खातों के आधार पर बनाया जाता।है जिससे वह सही आर्थिक स्थिति बताता है ।	इसमें स्थिति-पत्रक अनुमान एवं स्मरण के आधार पर बनाया जाता है ।अतः यह चिट्टे के समान विश्वसनीय नहीं होता है।
प्रमाणिकता (Authenticity)	यह न्यायालय एवं कर विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त है।	यह मान्यता प्राप्त नहीं है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

समायोजन (Adjustment)	इसमें समायोजन प्रविष्टि करके अन्तिम खाते बनाते समय समायोजन किये जाते हैं।	इसमें समायोजन प्रविष्टियाँ नहीं की जाती हैं।लेकिन अन्तिम खातों में कुछ समायोजन किये जा सकते हैं।

अपूर्ण लेखों की अपूर्णता के दो कारण

- छोटे व्यापारियों के पास आय के सीमित साधन होना ।
- दोहरा लेखा पद्धति के ज्ञान का अभाव होना।

अपूर्ण लेखा विधि के दोष

कुछ विद्वान अपूर्ण लेखा प्रणाली को इकहरा लेखा प्रणाली भी कहते हैं किन्तु ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि अपूर्ण लेखों में कुछ व्यवहारों का दोहरा लेखा होता है, कुछ का लेखा केवल एक पक्ष में ही होता है तथा कुछ का तो बिल्कुल लेखा होता ही नहीं है।वास्तव में यह लेखा रखने की एक अपूर्ण, अशुद्ध एवं अवैज्ञानिक पद्धति है।

अपूर्ण लेखा विधि के दोष (Demerits of Incomplete Record System)

अपूर्ण लेखा विधि के दोष या कमियाँ निम्नलिखित हैं-

- अपूर्ण एवं अवैज्ञानिक इस प्रणाली में लेखी करने का कोई निश्चित सिद्धान्त नहीं है इसलिए सभी लेन-देनों का पूर्ण लेखा नहीं हो पाता है।अतः यह अपूर्ण एवं अवैज्ञानिक प्रणाली है।।
- नियोजन एवं नियन्त्रण के लिए अनुपयुक्त इस पद्धति में सभी लेन-देनों का लेखा नहीं किया जाता है।अतः यह भविष्य के लिए नियोजन तथा नियन्त्रण हेतु अनुपयुक्त प्रणाली है।
- व्यापार के मूल्यांकन में कठिनाई व्यापार का विक्रय करने तथा ख्याति का मूल्यांकन करने में इस प्रणाली के द्वारा लेखे रखने पर कठिनाई होती है, क्योंकि इसमें क्रेता को विश्वास दिलाने का कोई आधार नहीं होता है।
- गबन की सम्भावना इस पद्धति से लेखा रखने पर गबन की संभावना बनी रहती है क्योंकि इसमें सम्पत्तियों का व्यवस्थित लेखा नहीं रखा जाता है।

SHIVOM CLASSES 8696608541.

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- तुलनात्मक अध्ययन का अभाव इस प्रणाली में अपूर्ण लेखा होने के कारण पिछले वर्षों के अपने लाभों तथा अन्य फर्मों के लाभों का तुलनात्मक अध्ययन नहीं किया जा सकता है।
- सम्पत्तियों के प्रतिस्थापन में कठिनाई इस प्रणाली में ह्रास की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। अतः सम्पत्तियों के प्रतिस्थापन के समय धन की समस्या उत्पन्न हो जाती है।
- मान्यता का अभाव क्योंकि इस प्रणाली से रखे गये लेखों का अंकेक्षण नहीं किया जा सकता है। अत: यह आयकर, बिक्री कर, न्यायालय तथा वित्तीय संस्थाओं में अमान्य है ।
- आन्तरिक जाँच सम्भव नहीं इस प्रणाली में लेखों की आन्तरिक जाँच सम्भव नहीं हो पाती है। अतः इसमें अशुद्धियों एवं छलकपट की सम्भावना हमेशा बनी रहती है।
- तलपट बनाना असम्भव इस प्रणाली में लेने-देने के दोनों पक्षों का पूर्ण लेखा नहीं किया जाता है। अतः तलपट बनाकर लेखों की गणितीय शुद्धता की जाँच नहीं की जा सकती है।
- शुद्ध लाभ-हानि की गणना सम्भव नहीं इस प्रणाली में व्यापार से अर्जित शुद्ध लाभ/हानि की गणना सम्भव नहीं हो पाती है क्योंकि कुछ सूचनाएँ केवल अनुमान के आधार पर ज्ञात की जाती हैं।
- अन्तिम खाते बनाना कठिन इस प्रणाली में वास्तविक खातों का उचित प्रकार से लेखा नहीं रखा जाता है इसलिए आर्थिक चिट्ठा बनाकर व्यवसाय की आर्थिक स्थिति का आंकलन नहीं किया जा सकता है।

अपूर्ण लेखों से अन्तिम खाते तैयार करते समय की प्रक्रिया

व्यापार के लेखे चाहे किसी भी पद्धति से क्यों न रखे जायें लेकिन वर्ष के अन्त में व्यवसाय की स्थिति की जानकारी एवं लाभ-हानि का ज्ञान प्राप्त करने हेतु अन्तिम खाते अवश्य बनाये जाते हैं। अपूर्ण लेखाविधि में स्थिति विवरण के स्थान पर स्थिति-पत्रक (Statement of Affairs) बनाया जाता है। स्थिति विवरण की तरह ही स्थिति-पत्रक के भी दो पक्ष होते हैं। इसमें विभिन्न मदों को सम्पत्ति एवं दायित्व पक्ष में लिखा जाता है। इसमें रोकड़ शेष, बैंक शेष, लेनदार, देनदार, प्राप्य बिल, देय बिल, अन्तिम रहतिया, अदत्त व्यय, उपार्जित आय, स्थायी सम्पत्तियों आदि की गणना रोकड़ बही से प्राप्त शेष तथा पिछले स्थिति-पत्रक से प्राप्त शेष एवं चालू वर्ष के लेन-देनों को ध्यान में रखकर की जाती है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

इस प्रकार सम्पत्ति एवं दायित्व पक्ष की मदों को लिखने के बाद दोनों पक्षों का अलग-अलग योग कर लिया जाता है।दोनों पक्षों के योग में आने वाला अन्तर पूँजी की स्थिति को प्रदर्शित करता है।

अपूर्ण लेखों से लाभ-हानि ज्ञात करना – अपूर्ण लेखों से लाभ-हानि ज्ञात करने की दो विधियाँ हैं

1. प्रारम्भिक एवं अन्तिम पूँजी की तुलना करके अपूर्ण लेखा प्रणाली में लाभ-हानि ज्ञात करने के लिए वर्ष के अन्त की पूँजी तथा वर्ष के प्रारम्भ या पिछले वर्ष के अन्त की पूँजी ज्ञात करने के पश्चात् वर्ष का लाभ-हानि ज्ञात करने का पत्रक (Statement of Profit and Loss) तैयार कर लिया जाता है।

इसका प्रारूप निम्न प्रकार का होता है-

Particulars	Amount
	₹
Closing Capital	.....
Add : Drawings	.....
Add : Capital Withdrawn	.....
Less : Additional Capital	.....
Adjusted Capital	.....
Less : Opening Capital	.....
Profit or Loss for the year	.....

2. अन्तिम खाते तैयार करना –

अपूर्ण लेखा प्रणाली के अनुसार लेखा रखने वाले व्यापारी रोकड़ बही आवश्यक रूप से तैयार करते हैं।वर्ष के अन्त में इसकी सारांश तालिका बना ली जाती है।इस विधि के अनुसार व्यापारिक व लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठा बनाने के लिए जो मदें ज्ञात नहीं होती हैं उन्हें विभिन्न खाते या विवरण बनाकर ज्ञात कर लिया जाता है।तत्पश्चात् नियमित व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाता (Trading & Profit-Loss Ac) तथा स्थिति विवरण (Balance Sheet) तैयार कर लिये जाते हैं।

प्रत्येक प्रश्न में कौन-कौन से खाते एवं विवरण अज्ञात मदें ज्ञात करने के लिए बनाये जायेंगे, इसको निर्धारित करना कठिन कार्य है क्योंकि यह व्यापारी द्वारा तैयार किये लेखों की अपूर्णता एवं लेखापाल की कार्यकुशलता तथा अनुमान पर निर्भर करता है फिर भी कुछ प्रमुख खाते या विवरण निम्नलिखित हैं

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- प्राप्य बिल खाता
- कुल देनदार खाता
- कुल लेनदार खाता
- देय बिल खाता
- नकद क्रय-विक्रय ज्ञात करना।
- कुल विक्रय ज्ञात करना ।
- स्कन्ध खाता
- वर्ष के प्रारम्भ का स्थिति विवरण
- स्थायी सम्पत्ति खाता
- प्राप्ति एवं भुगतान खाता आदि

विट्ठल अपनी पुस्तकें अपूर्ण लेखा पद्धति पर रखता है।वर्ष के अन्त में 31 मार्च, 2015 को उसकी पूँजी Rs 2,00,000 की थी।उस वर्ष में उसके आहरण Rs 25,000 थे।वर्ष के प्रारम्भ में विट्ठल की पूँजी ज्ञात कीजिए।

उत्तर:

Capital at the end	2,00,000
Add : Drawings	25,000
Capital at the Beginning	2,25,000

'अ' अपने लेखे अपूर्ण रखता है।1 अप्रैल, 2016 को उसका रोकड़ शेष Rs 30,000, देनदार Rs 45,000 तथा लेनदार Rs 15,000 थे।31 मार्च, 2017 को उसका रोकड़ शेष Rs 45,000, देनदार Rs 37,500 तथा लेनदार Rs 30,000 थे।उसका वर्ष 2016-17 का अर्जित लाभ ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

Opening Capital = Assets – Liabilities

= (30,000 + 45,000) – 15,000 = Rs 60,000

Closing Capital = (45,000 + 37,500) – 30,000

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

= 82,500 – 30,000 = Rs 52,500

Profit/Loss = Closing Capital – Opening Capital

= 52,500 – 60,000 = Rs 7,500 (Loss)

1 जनवरी, 2016 को मि. एक्स के देनदार Rs 60,000 थे।वर्ष के दौरान कुल बिक्री Rs 1,20,000 थी जिसमें Rs 15,000 की नकद बिक्री शामिल थी।वर्ष के दौरान देनदारों से Rs 90,000 प्राप्त हुए तथा Rs 3,000 बट्टा स्वीकृत किया।वर्ष के अन्त में देनदारों की राशि ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

Closing Debtors = 60,000 + 1,05,000 – 90,000 – 3,000

= Rs 72,000

निम्नलिखित सूचनाओं से कुल क्रय की राशि ज्ञात कीजिए।

लेनदारों का प्रारम्भिक शेष Rs 60,000 तथा अन्तिम शेष Rs 1,00,000, वर्ष में लेनदारों को भुगतान की गई राशि के Rs 1,20,000 तथा नकद क्रय की राशि Rs 20,000 ।।उत्तर-

Credit Purchase = (1,00,000 + 1,20,000) – 60,000 = Rs 1,60,000

Total Purchase = Cash Purchase + Credit Purchase

= 20,000 + 1,60,000 = Rs 1,80,000

एक व्यापारी की पुस्तकें निम्नलिखित सूचनाएँ प्रकट करती हैं

क्रय-Rs 25,000, विक्रय-Rs 30,000 तथा अन्तिम स्टॉक- Rs 5,000 है।यदि उसका सकल लाभ बिक्री पर 10% हो तो उसके प्रारम्भिक स्टॉक की राशि की गणना कीजिए।

उत्तर-

Trading A/c

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Particulars	Amount	Particulars	Amount
	₹		₹
To Purchase	25,000	By Sales	30,000
To Gross Profit $\left(30,000 \times \frac{10}{100}\right)$	3,000	By Closing Stock	5,000
To Opening Stock (Balancing Figure)	7,000		
	35,000		35,000

निम्नलिखित विवरणों से उधार विक्रय की राशि ज्ञात कीजिए।

देनदारों का प्रारम्भिक शेष–Rs 50,000, देनदारों का अन्तिम शेष- Rs 60,000, देनदारों से प्राप्त रोकड़-Rs 1,50,000, देनदारों को बट्टा दिया–Rs 10,000।

उत्तर-

Credit Sales = (60,000 + 1,50,000 + 10,000) – 50,000

= Rs 1,70,000

एक व्यापारी की अपूर्ण लेखा पुस्तकों से ज्ञात हुआ कि वर्ष के दौरान उसका नकद क्ल Rs 24,000 तथा उधार क्रय Rs 60,000 था।उसके लेनदारों को प्रारम्भिक शेष Rs 21,000 तथा अन्तिम शेष Rs 30,000 था।वर्ष में लेनदारों को भुगतान की गई राशि ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

Cash Paid to Creditors = (60,000 + 21,000) – 30,000

= Rs 51,000

आकाश अपने व्यापार के अपूर्ण लेखे रखता है।वर्ष के प्रारम्भ में उसकी पूँजी Rs 1,00,000 थी।वर्ष के अन्त में सम्पत्तियों का दायित्वों पर आधिक्य Rs 2,00,000 था।वर्ष के दौरान उसने Rs 50,000 की अतिरिक्त पूँजी लगाई तथा Rs 2,500 प्रतिमाह आहरण किए।वर्ष 2016-17 के लाभ की गणना कीजिए।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर-

Statement of Profit and Loss.

Particulars	Amount
	₹
Capital at the end of Year	2,00,000
Add : Drawings During the Year (2,500 × 12)	30,000
	2,30,000
Less : Additional Capital	50,000
Adjusted Capital	1,80,000
Less : Capital at the Beginning of Year	1,00,000
Profit for the Year	80,000

वर्ष के दौरान देनदारों को प्रारम्भिक शेष–Rs 13,000, देनदारों से प्राप्त नकद राशि-Rs 35,000, स्वीकृत बट्टा–Rs 500, प्राप्य विपत्र-Rs 15,000, डूबत ऋण अपलिखित किए-Rs 2,500 तथा देनदारों का अन्तिम शेष–Rs 25,000 ।वर्ष की उधार विक्रय की राशि ज्ञात कीजिए

उत्तर-

Credit Sales = (35,000 + 500 + 15,000 + 2,500 + 25,000) – 13,000

= 78,000 – 13,000

= Rs 65,000

एक व्यापारी की प्रारम्भिक पूँजी Rs 90,000 तथा वर्ष के अन्त की पूँजी Rs 1,12,500 है।यदि उस वर्ष का अनुमानित लाभ Rs 27,000 हो तो वर्ष में उसके आहरण की राशि ज्ञात कीजिए।

उत्तर-

Drawings = (90,000 + 27,000) – 1,12,500

= 1,17,000 – 3,12,500

= Rs 4,500

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

लेखों की अपूर्णता के कोई चार कारण

- सीमित साधन छोटे व्यापारियों के साधन सीमित होते हैं।वे लेखा करने के लिए विशेषज्ञों की नियुक्ति नहीं कर सकते तथा स्वयं ही लेखे कर लेते हैं।
- अज्ञानता-छोटे व्यापारी दोहरा लेखा प्रणाली की जानकारी न होने के कारण भी इसका पूरी तरह से प्रयोग नहीं कर पाते हैं।
- आकस्मिक घटना के कारण यदि व्यापार में कोई आकस्मिक घटना,जैसे—आग लगना, भूकम्प आना,बाढ़ आना आदि हो जाये तो प्रमाण नष्ट हो जाने के कारण लेखे भी अपूर्ण रह जाते हैं।
- आर्थिक स्थिति छिपाने के लिए कुछ चतुर व्यापारी अपनी आर्थिक स्थिति को अन्य व्यापारियों, कर अधिकारियों, लेनदारों आदि से छिपाने हेतु भी इस पद्धति का प्रयोग करते हैं।

31 मार्च, 2017 को एक फुटकर व्यापारी की वर्ष के अन्त में व्यापारिक स्थिति इस प्रकार थी

रोकड़ शेष–Rs 3,000, स्टॉक-Rs 5,000, देनदार Rs 6,000, लेनदार Rs 4,500 ।वर्ष में उसने व्यापार से Rs 3,500 आरित किये तथा Rs 4,000 की अतिरिक्त पूँजी लगाई।वर्ष के अन्त में समायोजित पूँजी की गणना कीजिए।

उत्तर-

Statement of Affairs

(As on 31st March, 2017)

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	₹		₹
Creditors	4,500	Cash	3,000
Capital at the end of Year	9,500	Stock	5,000
(Balancing Figure)		Debtors	6,000
	14,000		14,000

Statement of Profit and Loss

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(for the year ending 31st March, 2017)

Particulars	Amount
	₹
Capital at the end of Year	9,500
Add : Drawings During the Year	3,500
	13,000
Less : Additional Capital	4,000
Adjusted Capital	9,000
Less : Profit for the Year	—
Capital at the Beginning of Year	9,000

एक व्यापारी के अपूर्ण लेखों से प्राप्त सूचनाओं से 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए उसके कुल क्रय एवं लाभ ज्ञात कीजिए।सूचनाएँ निम्नलिखित हैं

प्रारम्भिक स्टॉक Rs 30,000, अन्तिम स्टॉकर Rs 24,000, नकद बिक्री Rs 18,000, उधार विक्री Rs 1,08,000, क्रय मूल्य पर लाभ का प्रतिशत 20% ।

Trading A/c

Particulars	Amount	Particulars		Amount
	₹			₹
To Opening Stock	30,000	By Sales		
To Purchase	1,00,000	Cash	18,000	
To Gross Profit	20,000	Credit	1,08,000	1,26,000
		Closing Stock		24,000
	1,50,000			1,50,000

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

कार्यशील टिप्पणी— माना क्रय मूल्य = ₹x

$\therefore$ लाभ = x का 20%

$= \frac{20x}{100} = \frac{x}{5}$

प्रश्नानुसार, $x + \frac{x}{5} = 1,50,000 - 30,000$

$\frac{6x}{5} = 1,20,000$

$x = 1,20,000 \times \frac{5}{6} = ₹1,00,000$

$\therefore$ क्रय = ₹1,00,000

लाभ = $1,00,000 \times \frac{20}{100} = ₹20,000.$

आकाश अपने व्यवहारों का अपूर्ण लेखा रखता है।1 अप्रैल 2016 को उसको रोकड़ शेष था Rs 10,000, देनदार, Rs 40,000, स्टॉक, Rs 60,000, फर्नीचर, Rs 20,000, लेनदार Rs 30,000।31 मार्च, 2017 को उसका रोकड़ शेष Rs 30,000, देनदार Rs 80,000, स्टॉक Rs 1,00,000, लेनदार Rs 60,000 के थे।वर्ष में उसने Rs 10,000 का फर्नीचर खरीदा।फर्नीचर पर Rs 2,000 मूल्य ह्रास लगाया गया।वर्ष के दौरान उसने Rs 4,000 का आहरण किया।उपर्युक्त सूचनाओं से उसका वर्ष 2016-17 का लाभ का विवरण तैयार कीजिए।

Statement of Affairs

(As on 1st April, 2016)

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	₹		₹
Creditors	30,000	Cash in Hand	10,000
Capital	1,00,000	Debtors	40,000
(Balancing Figure)		Stock	60,000
		Furniture	20,000
	1,30,000		1,30,000

Statement of Affairs

(As on 31 March, 2017)

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Liabilities	Amount	Assets		Amount
	₹			₹
Creditors	60,000	Cash in Hand		30,000
Capital		Debtors		80,000
(Balancing Figure)	1,78,000	Stock		1,00,000
		Furniture	30,000	
		Less : Depreciation	2,000	28,000
	2,38,000			2,38,000

Statement of Profit and Loss

(for the year ended 31st March, 2017)

Particulars	Amount
	₹
Capital at the end of Year	1,78,000
Add : Drawings	4,000
Adjusted Capital	1,82,000
Less : Capital at the Beginning of Year	1,00,000
Profit for the year	82,000

एक छोटा व्यापारी एकमात्र डायरी रखता है जिसमें सम्पत्तियों, दायित्वों एवं व्यक्तिगत व्ययों के ही विवरण उपलब्ध हैं।किसी वर्ष के लिए आप उसका लाभ अथवा हानि किस प्रकार ज्ञात करेंगे ? काल्पनिक अंकों का प्रयोग करते हुए अपने उत्तर को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

उत्तर-

यदि एक छोटा व्यापारी केवल एक डायरी रखता है जिसमें उसके व्यापार से सम्बन्धित सम्पत्तियों, दायित्वों एवं उसके व्यक्तिगत व्ययों से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध हैं तो ऐसी स्थिति में सर्वप्रथम व्यापार का लाभ-हानि ज्ञात करने के लिए प्रारम्भिक व अन्तिम स्थिति पत्रक तैयार किया जाता है जिसके आधार पर प्रारम्भिक और अन्तिम पूँजी की तुलना करके व्यापार का लाभ-हानि ज्ञात कर लेते हैं।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उदाहरण – किशन अपनी पुस्तकें इकहरा लेखा पद्धति पर रखता है ।निम्नलिखित विवरण से लाभ/हानि दिखाने के लिए वर्ष के अन्त में 31 मार्च, 2017 को उसके द्वारा एक विवरण तैयार किया गया।

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	₹		₹
Sundry Creditors	1,700	Sundry Debtors	20,000
Bank Overdraft	500	Stock	12,000
Opening Capital (Balancing Figure)	33,300	Furniture	2,000
		Cash in Hand	1,500
	35,500		35,500

वर्ष के दौरान किशन व्यवसाय में Rs 6,000 की अतिरिक्त पूँजी लाया तथा उसने वर्ष में व्यवसाय से Rs 2,000 निकाले ।।

(During the year Kishan introduced Rs 6,000 a further capital in the business and withdrawn Rs 2,000 in the year.).

Statement of Affairs of Kishan

(As on 31st March, 2016)

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Statement of Affairs of Kishan
(As on 31st March, 2017)

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	₹		₹
Sundry Creditors	1,300	Sundry Debtors	23,000
Bank Overdraft	2,500	Stock	15,000
Opening Capital (Balancing Figure)	40,200	Furniture	4,000
		Cash in Hand	2,000
	44,000		44,000

Statement of Profit and Loss
(for the year ended 31st March, 2017)

Particulars	Amount
	₹
Closing Capital	40,200
Add : Drawings	2,000
	42,200
Less : Further Capital Introduced	6,000
Adjusted Capital	36,200
Less : Opening Capital	33,300
Profit for the Year	2,900

31 मार्च, 2017 को सोहन की पूँजी Rs 37,400 है, जबकि 1 अप्रैल, 2016 को उसकी पूँजी Rs 38,400 थी।उसने बताया कि इस वर्ष में उसने Rs 7,000 का ऋण उसके भाई को निजी खाते में दिया तथा Rs 600 प्रतिमाह घरेलू व्यय हेतु व्यापार से निकाले ।वह एक मकान स्वयं के रहने हेतु प्रयोग में लेता है जिसका किराया Rs 200 प्रतिमाह तथा बिजली व्यय की औसत राशिर 20 प्रतिमाह व्यवसाय खाते में से देता है।उसने एक बार अपना Rs 4,000 की लागत का स्कूटर Rs 400 प्रीमियम पर बेचकर इस राशि को व्यवसाय में ही विनियोजित कर दिया।इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी सूचना उपलब्ध नहीं है।आपको लाभ प्रदर्शित करते हुए एक विवरण तैयार करना है।

Statement of Profit

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Particulars	Amount
	₹
Capital at the end of Year	37,400
Add : Drawings During the Year (7,000 + 7,200 + 2,400 + 240)	16,840
	54,240
Less : Additional Capital Introducing During the Year (4,000 + 400)	4,400
Adjusted Capital	49,840
Less : Capital at the beginning of year	38,400
Profit for the Year	11,440

कार्यशील टिप्पणी—

1. वर्ष के दौरान कुल आहरण की राशि—

निजी खाते पर भाई को ऋण	7,000
घरेलू व्यय (600 × 12)	7,200
मकान किराया (200 × 12)	2,400
बिजली व्यय (20 × 12)	240
	16,840

वर्ष के दौरान लगाई गई अतिरिक्त पूँजी

स्कूटर की बिक्री से प्राप्त राशि (4,000 + 400) = Rs 4,400

राजेश ने एक जुलाई, 2015 को Rs 30,000 की पूँजी से व्यापार प्रारम्भ किया जिसे इस कार्य के लिए खोले गये बैंक खाते में जमा करा दिया गया।इसी दिन उसने Rs 19,500 का स्टॉक और Rs 6,000 का फर्नीचर खरीदा।अपूर्ण लेखों के आधार पर रखी उसकी पुस्तकों में एक रोकड़ बही और एक खाता बही थी और उसके व्यापार तथा निजी, दोनों मामलों से सम्बन्धित समस्त प्राप्तियाँ एवं भुगतान रोकड़ बही में लिखे जाते थे।30 जून, 2016 को स्टॉक का मूल्यांकन Rs 24,300 पर किया गया।खाताबही के अनुसार Rs 10,350 के देनदार थे, जिनमें से Rs 2,250 के अप्राप्य (डूबत) थे।खाता बही के अनुसार लेनदार Rs 14,520 के थे और रोकड़ बही Rs 5,040 का शेष बताती थी लेकिन पास बुक के अनुसार राजेश के केवल Rs 2,040 जमा थे।उसने Rs 3,000 अपने पुत्र को उधार दिये थे, लेकिन रोकड़ बही में उसे लिखना भूल गया था।राजेश के निजी चे वर्ष में Rs 4,500 थे और इसके अतिरिक्त उसने अपनी दुकान से Rs 1,500 का माल काम में लिया।30 जून 2016 को फर्नीचर का Rs 7,500 पर मूल्यांकन किया गया।उसने वर्ष के दौरान उन पर Rs

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

1,500 और खर्च किये।इस सूचना से वर्ष 2015-16 के लिए व्यापार में राजेश का लाभ अथवा हानि दर्शाते हुए एक विवरण पत्र बनाइये।

Statement of Affairs

(As on 30 June, 2016)

Liabilities	Amount	Assets		Amount
	₹			₹
Creditors	14,520	Bank Balance		2,040
Capital	27,420	Debtors	10,350	
(Balancing Figure)		*Less* : Bad Debts	2,250	8,100
		Stock		24,300
		Furniture		7,500
	41,940			41,940

Statement of Profit
(for the year ending 30 June, 2016)

Particulars	Amount
	₹
Capital at the end of Year	27,420
Add : Drawings (3,000 + 4,500 + 1,500)	9,000
Adjusted Capital	36,420
Less : Capital at the Beginning of Year	30,000
Profit for the Year	6,420

कार्यशील टिप्पणी :

वर्ष के दौरान कुल आहरण की राशि–	₹
पुत्र को उधार दी गई राशि	3,000
निजी खर्च	4,500
निजी उपयोग के लिए माल	1,500
	9,000

अजय अपनी पुस्तकें दोहरा प्रविष्टि के अनुसार नहीं रखता है।1 अप्रैल, 2016 को उसकी स्थिति निम्न प्रकार थी

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(Ajay does not keep his books according to double entry system. On 1st April, 2016 his position was as follows)

	Amount (₹)		Amount (₹)
Creditors	33,000	Cash at Bank	4,800
Capital	39,750	Stock in Trade	30,000
		Debtors	12,750
		Furniture	2,700
		Plant and Machinery	22,500
	72,750		72,750

30 जून, 2016 को उसकी स्थिति इस प्रकार थी

(On 30th June, 2016 his Position was follows).

वर्ष के दौरान अजय ने Rs 7,500 की अतिरिक्त पूँजी लगाई तथा Rs 1,125 प्रतिमाह आहरण किये।उपर्युक्त सूचना से 30 जून 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ ज्ञात कीजिये।

(During the year Ajay introduced additional capital amounted to Rs 7,500 and his drawings were Rs 1,125 per month. From the above particulars ascertain bis Profit for the year ended 30 June, 2016)

उत्तर:

Statement of Affairs

(As on 30 June, 2016)

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	₹		₹
Creditors	43,500	Cash at Bank	3,750
Capital	52,500	Stock in Trade	28,500
(Balancing Figure)		Debtors	21,000
		Plant and Machinery	40,500
		Furniture	2,250
	96,000		96,000

Statement of Profit
(for the year ending 30th June, 2016)

Particulars	Amount (₹)
Capital at the end of Year	52,500
Add : Drawings during the Year (1,125 × 12)	13,500
	66,000
Less : Additional Capital	7,500
Adjusted Capital	58,500
Less : Capital at the Beginning of Year	39,750
Profit for the Year	18,750

रामनाथ अपने व्यवहारों के अपूर्ण लेखे रखता है। 1 अप्रैल, 2016 को उसकी स्थिति निम्न प्रकार थी

वर्ष में रामनाथ ने Rs 20,000 नकद तथा Rs 9,000 का माल निकाला तथा Rs 20,000 अतिरिक्त पूँजी के लगाये। 31 मार्च, 2017 को उसकी स्थिति इस प्रकार थी

वर्ष के दौरान Rs 4,000 पुस्तक मूल्य के विनियोग Rs 4,800 में बेच दिये गये तथा एक नई मशीन Rs 15,000 में खरीदी गई। वर्ष में Rs 1,500 का एक टाइपराइटर भी खरीदा गया ।

वर्ष 2016-17 के लिए

(i)प्रारम्भ का स्थिति विवरण,

(ii)अन्त का स्थिति विवरण; तथा

(iii)आयगत लाभ या हानि दिखाते हुए एक विवरण तैयार कीजिए।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

[संकेत वर्ष की कुल हानि Rs 72,900 में वर्ष में विनियोगों के बेचने से हुए Rs 800 पूँजीगत लाभ के प्रभाव को हटा देंगे तो आयगत हानि Rs 73,700 होगी]

Statement of Affairs

(As on 1st April, 2016)

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	₹		₹
Bills Payable	28,000	Cash in hand	15,000
Creditors	50,000	Investment	30,000
Capital	1,88,000	Office Premises	30,000
(Balancing Figure)		Plant and Machinery	40,000
		Furniture	7,000
		Stock	24,000
		Debtors	1,20,000
	2,66,000		2,66,000

(ii) Statement of Affairs

(As on 31st March, 2017)

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	₹		₹
Creditors	1,01,000	Cash in hand	12,000
Bills Payable	32,000	Investment	26,000
Capital	1,06,100	Office Premises	27,000
(Balancing Figure)		Plant and Machinery	48,000
		Furniture	6,600
		Stock	18,000
		Debtors	1,00,000
		Typewriter	1,500
	2,39,100		2,39,100

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(iii) Statement of Profit or Loss

(for the year ending 31st March, 2017)

Particulars	Amount
	₹
Capital at the end of year	1,06,100
Add : Drawings during the Year (20,000 + 9,000)	29,000
	1,35,100
Less : Additional Capital	20,000
Adjusted Capital	1,15,100
Less : Capital at the Beginning of Year	1,88,000
Loss for the Year (Total Loss)	(72,900)
Less : Capital Profit (Profit on Sale of Investment)	(800)
Revenue Loss for the Year	(73,700)

1 अप्रैल, 2016 को X की स्थिति इस प्रकार थी

(The position of X on 1st April, 2016 as follows)

	Amount (₹)		Amount (₹)
Capital	12,000	Goodwill	3,090
Profit Undrawn	5,805	Furniture	2,335
Sundry Creditors	1,535	Stock in Trade	4,000
		Sundry Debtors	7,805
		Cash at Bank	2,110
	19,340		19,340

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष में व्यापार के खाते अपूर्ण ढंग से लिखे गये थे, लेकिन उसके बैंक व्यवहारों का विश्लेषण निम्न तथ्य प्रकट करता था

(During the year ending 31st March, 2017 the accounts of the business had been recorded imperfectly but an analysis of his bank transactions disclosed the following)

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

	Amount (₹)		Amount (₹)
Balance	2,110	Payment to Creditors	15,060
Receipts from Customers	35,400	Payment for Rent	1,575
		Sundry Expenses	640
		Drawings	13,600
		Payment for Salaries	3,050
		Balance	3,585
	37,510		37,510

अन्तिम स्टॉक का मूल्यांकन Rs 6,000 पर किया गया।31 मार्च, 2017 को देनदारों की सूची का योग Rs 9,450 और लेनदारों ।की सूची का योग Rs 2,675 था।31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए व्यापार तथा लाभ-हानि खाता तथा उसी तारीख का चिट्ठा तैयार कीजिए।

(The closing stock was valued at Rs 6,000, and a schedule of debtors totaled Rs 9,450 and that of creditors Rs 2,675 on 31st March, 2017. Prepare Trading and Profit and Loss account for the year ending 31st March, 2017 and a Balance sheet as on that date.)

Trading and Profit and Loss

(for the year ending 31st March, 2017)

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Particulars	Amount	Particulars	Amount
	₹		₹
To Opening Stock	4,000	By Sales	37,045
To Purchase	16,200	By Closing Stock	6,000
To Gross Profit c/d	22,845		
	43,045		43,045
To Salarie	3,050	By Gross Profit b/d	22,845
To Rent	1,575		
To Sundry Expenses	640		
To Net Profit	17,580		
(Transferred to Capital A/c)			
	22,845		22,845

Balance Sheet
(As on 31st March, 2017)

Liabilities		Amount	Assets	Amount
		₹		₹
Capital	12,000		Goodwill	3,090
Add : Net Profit	17,580		Furniture	2,335
	29,580		Stock in Trade	6,000
Less : Drawings	13,600	15,980	Sundry Debtors	9,450
Profit undrawn		5,805	Cash at Bank	3,585
Creditors		2,675		
		24,460		24,460

SHIVOM CLASSES 8696608541

कार्यशील टिप्पणी–1. उधार विक्रय की राशि की गणना

Total Debtors A/c

Particulars	Amount	Particulars	Amount
	₹		₹
To Balance b/d	7,805	By Cash Receipts	35,400
To Credit Sales	37,045	By Balance c/d	9,450
(Balancing Figure)			
	44,850		44,850

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

2. उधार क्रय की राशि की गणना

Total Creditors A/c

Particulars	Amount	Particulars	Amount
	₹		₹
To Cash Paid	15,060	By Balance b/d	1,535
To Balance c/d	2,675	By Credit Purchase (Balancing Figure)	16,200
	17,735		17,735

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

NCERT SOLUTIONS

प्रश्न (पृष्ठ संख्या 492 - 502)

लघु उत्तरीय प्रश्न:

प्रश्न 1 अपूर्ण खातों का अर्थ समझाइये।

उत्तर – अपूर्ण खाते-सामान्य अर्थ में, जो खाते अथवा लेखांकन अभिलेख द्विप्रविष्टि प्रणाली के अनुसार नहीं बनाये जाते, वे अपूर्ण खाते अथवा अपूर्ण अभिलेख कहलाते हैं।इसमें कुछ लेन-देनों का अभिलेखन उपयुक्त नाम (Dr.) एवं जमा (Cr.) मदों से किया जाता है जबकि कुछ लेन-देनों के लिए एक प्रविष्टि अथवा कोई भी प्रविष्टि नहीं की जाती है।प्रायः इस प्रणाली में रोकड़ एवं देनदारों तथा लेनदारों के व्यक्तिगत खाते तैयार किये जाते हैं।इसमें परिसम्पत्तियों, देयताओं, व्ययों तथा आगमों से सम्बन्धित अन्य सूचनाओं को आंशिक रूप से अभिलेखित किया जाता है।अतः इन्हें सामान्य तौर पर अपूर्ण खाते अथवा अपूर्ण अभिलेख कहते हैं।

प्रश्न 2 अपूर्ण खाते रखने के कारणों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर – व्यापारियों द्वारा अपूर्ण खाते रखने के प्रमुख कारण निम्न हैं:

1. व्यापारियों द्वारा लेखांकन सिद्धांतों के ज्ञान के आभाव में यह प्रणाली अपनाई जाती है।
2. यह प्रलेखों के रख-रखाव की मितव्ययी विधि है।इसकी लागत कम होती है क्योंकि संस्थाओं द्वारा विशिष्ट लेखापालों की नियुक्ति की जाने की आवश्यकता नहीं होती है।
3. प्रलेखों के रख-रखाव के लिये कम समय लगता है क्योंकि केवल कुछ पुस्तकें बनाई जाती हैं।
4. प्रलेखों के रख-रखाव की सरल विधि होने के कारण अपूर्ण खाते रखे जाते हैं क्योंकि व्यापार के स्वामी द्वारा केवल आवश्यक सौदों को अभिलेखन किया जाता है।

प्रश्न 3 अवस्था विवरण तथा तुलन-पत्र के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर – अवस्था विवरण (Statement of Affairs) तथा तुलन-पत्र/चिट्ठे (Balance Sheet) में अन्तर निम्न प्रकार है:

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(1) स्रोत (Sources): अवस्था विवरण में कुछ सूचनाएँ तो हिसाब की पुस्तकों से ली जाती हैं तथा अन्य सूचनाएँ व्यापारी के अनुमान पर निर्भर करती हैं, जबकि तुलन-पत्र/चिट्ठा (Balance Sheet) व्यापारी की बहियों में खोले गये विभिन्न खातों के शेषों से तैयार किया जाता है।

(2) उद्देश्य (Objective): अवस्था विवरण बनाने का उद्देश्य पूँजी की जानकारी करना होता है जिसकी सहायता से लाभ ज्ञात किया जाता है जबकि तुलन-पत्र/चिट्ठा बनाने का उद्देश्य आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना होता है।

(3) शुद्धता (Accuracy): लेखे अपूर्ण होने के कारण अवस्था विवरण बनाते समय कोई मद लिखने से छूट सकती है परन्तु तुलन-पत्र/चिट्ठा दोहरा लेखा प्रणाली से बनाये जाने के कारण किसी मद के छूटने की सम्भावना नहीं रहती है।

(4) पूँजी ज्ञात करना (Ascertain Capital): अवस्था विवरण (Statement of Affairs) में पूँजी सम्पत्ति व दायित्व पक्ष के अन्तर से ज्ञात की जाती है जबकि तुलन-पत्र/चिट्ठे (Balance Sheet) में लिखी जाने पूँजी खाता बनाकर उसके शेष से ज्ञात की जाती है।

(5) यता (Reliability): यदि अवस्था विवरण (Statement of Affairs) में कोई सम्पत्ति लिखना भूल गए हैं तो पूँजी जितनी होनी चाहिए उससे कम.निकलेगी और अवस्था विवरण के दोनों पक्ष इसके विपरीत कोई दायित्व लिखना भूल गए हों तो पूँजी अधिक निकलेगी और दोनों पक्ष मिल जाते हैं।यदि तुलन पत्र/चिठे (Balance Sheet) में कोई सम्पत्ति या दायित्व लिखना भूल गए हैं तो इसकी जोड़ नहीं मिलेगी क्योंकि पूँजी दोनों पक्षों के अन्तर से ज्ञात नहीं की जाती है बल्कि पूँजी खाता बनाकर स्वतन्त्र रूप से ज्ञात की जाती है इसलिए तुलन-पत्र/चिट्ठा अधिक विश्वसनीय है।

(6) तलपट बनाना (Preparation of Trial Balance): अवस्था विवरण बनाने से पूर्व तलपट नहीं बनाया जाता जबकि तलन-पत्र/चिटठा बनाने से पूर्व तलपट बनाकर खतौनी की गणितीय शद्धता की जाँच की जाती है।

प्रश्न 4 एक व्यापारी द्वारा अपूर्ण खाते प्रलेख रखने से आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का वर्णन कीजिए।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर – किसी व्यापारी द्वारा अपूर्ण खाते प्रलेख रखने पर प्रायः निम्नलिखित व्यावहारिक कठिनाइयाँ आती हैं:

1. अपूर्ण खाते प्रलेख रखने में द्वि-प्रविष्टि प्रणाली का पालन नहीं किया जाता है इसलिए इसमें गणितीय शुद्धता की जाँच नहीं हो पाती है।ऐसी स्थिति में तलपट भी तैयार नहीं किया जा सकता है।
2. व्यावसायिक क्रियाकलापों के वित्तीय परिणामों का मूल्यांकन और सही निर्धारण नहीं हो पाता है।
3. व्यवसाय की लाभप्रदता, तरलता और शोधन क्षमता का विश्लेषण नहीं किया जा सकता है।इस कारण से बाहरी स्रोतों से कोषों की व्यवस्था एवं भावी व्यावसायिक क्रियाओं के नियोजन में समस्या उत्पन्न होती है।
4. चोरी अथवा आगजनी के कारण स्टॉक में हानि की स्थिति में स्वामियों द्वारा बीमा कम्पनी से दावा करने में कठिनाई आती है।
5. गणना की गई आय की विश्वसनीयता के लिये आयकर अधिकारियों को संतुष्ट करना कठिन हो जाता है।

निबन्धात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1 अवस्था विवरण से क्या आशय है? अवस्था विवरण की सहायता से एक व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ या हानि का निर्धारण किस प्रकार करेंगे?

उत्तर – अवस्था विवरण (Statement of Affairs) से आशय-अवस्था विवरण वह विवरण है जिसमें एक निश्चित तिथि को व्यवसाय की परिसम्पत्तियों व दायित्वों का अनुमानित मूल्य दर्शाया जाता है।परिसम्पत्तियों व दायित्वों के अन्तर को पूँजी कहते हैं।अवस्था विवरण अपूर्ण लेखों की सहायता से तैयार किया जाता है।

यद्यपि अवस्था विवरण तुलन-पत्र के समतुल्य होता है किन्तु यह तुलन-पत्र नहीं है क्योंकि डाटा पूर्ण रूप से खाता शेष पर आधारित नहीं होते हैं।स्थायी परिसंपत्तियों, बकाया व्यय, बैंक शेष आदि मदों की राशि का निर्धारण प्रासंगिक दस्तावेजों और मौलिक गणना के आधार पर की जाती है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अवस्था विवरण की सहायता से व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ या हानि का निर्धारण-इस विधि में व्यापार के लाभ-हानि की गणना प्रारम्भिक पूँजी तथा वर्ष के अन्त की पूँजी की तुलना करके की जाती है।अन्य सूचनाओं के अभाव में सामान्यतः यह माना जाता है कि प्रारम्भ से अन्त की पूँजी बढ़ गई तो यह उस अवधि में कमाये गये लाभों के कारण है।यदि प्रारम्भ से अन्त की पूँजी कम हुई है तो वह व्यवसाय में हुई हानि का परिणाम है।

उदाहरणार्थ: जय की प्रारम्भिक पूँजी 4,20,000 रुपए है।जो वर्ष के अन्त में बढ़कर 5,60,000 रुपए हो जाती है तो यह माना जायेगा कि पूँजी में 1,40,000 रुपए की वृद्धि व्यापार के वर्ष में अर्जित लाभों के कारण हुई है।यदि वर्ष के अन्त में पूँजी घटकर 3,20,000 रुपए रह जाती है तो यह माना जायेगा कि पूँजी में 1,00,000 रुपए की कमी व्यापारिक हानि के कारण हुई है।

इस विधि में लाभ-हानि ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाती है:

1. प्रारम्भिक पूँजी ज्ञात करना-वर्ष के प्रारम्भ के सम्पत्ति एवं दायित्व के शेषों से प्रारम्भिक अवस्था विवरण बनाकर प्रारम्भिक पूँजी की गणना की जाती है:

Initial Capital = Initial Assets - Initial Liabilities

प्रारम्भिक पूँजी = प्रारम्भिक सम्पत्तियाँ - प्रारम्भिक दायित्व

2. अन्तिम ज्ञात करना: इसी प्रकार वर्ष के अन्त के सम्पत्ति एवं दायित्व के शेषों से अन्तिम अवस्था विवरण बनाकर अन्तिम पूँजी की गणना की जाती है:

Closing Capital = Assets at the end – Liabilities at the end

अन्तिम पूँजी = वर्ष के अन्त में सम्पत्तियाँ - वर्ष के अन्त में दायित्व

अवस्था विवरण बनाना: अपूर्ण लेखा विधि में जो अवस्था विवरण बनाये जाते हैं, वे तुलन-पत्र/चिठे की तरह ही होते हैं।अवस्था विवरण के दायें पक्ष में सम्पत्तियों को तथा बायें पक्ष में दायित्वों को दिखाया जाता है।अन्तर मात्र इतना ही है कि तुलन-पत्र/चिट्टे के अन्तर्गत सभी सम्पत्तियों एवं दायित्वों को वास्तविक मूल्य पर दिखाया जाता है जो खाता-बही में खोले गये खातों से लिये जाते

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

हैं जबकि अवस्था विवरण में कुछ सम्पत्तियों एवं दायित्वों के शेष अनुमानित भी हो सकते हैं क्योंकि अपूर्ण लेखा विधि में सम्पत्तियों एवं दायित्वों के खाते नहीं खोले जाते हैं।

अपूर्ण लेखा विधि में नियमित खाताबही के अभाव के कारण अवस्था विवरण बनाने हेतु वर्ष के प्रारम्भ एवं अन्त की सम्पत्तियों एवं दायित्वों को निम्न प्रकार ज्ञात किया जाता है सम्पत्ति पक्ष की मदों को ज्ञात करना: सम्पत्ति पक्ष की ओर लिखी जाने वाली मदों में रोकड़ राशि रोकड़ बही से, बैंक शेष बैंक पास-बुक से, देनदारों की राशि देनदारों की खाता-बही से, स्टॉक की रकम गणना करके एवं अन्य सम्पत्तियाँ प्रमाणक, फाइल, भौतिक निरीक्षण एवं व्यापारी की स्मरण-शक्ति के आधार पर ज्ञात की जाती हैं।

दायित्व पक्ष की मदों को ज्ञात करना-दायित्व पक्ष में लेनदारों की राशि लेनदारों की खाताबही से, बैंक अधिविकर्ष की राशि बैंक पास-बुक से तथा देय बिलों की राशि व्यापारी द्वारा पूछताछ द्वारा कर ली जाती है।इस प्रकार अवस्था विवरण में सम्पत्तियों एवं दायित्वों के विवरण लिखने के पश्चात् दोनों पक्षों का जो अन्तर होता है, वह अन्तर व्यापार में उस तिथि को व्यापारी की पूँजी मानी जाती है।

3. आहरण एवं अतिरिक्त पूँजी के समायोजन कर लाभ-हानि का विवरण तैयार करना: यदि व्यापारी ने वर्ष के दौरान न तो आहरण किया हो और न ही अतिरिक्त पूँजी लगाई है तो ऐसी दशा में अवस्था विवरण द्वारा प्रकट अन्तिम पूँजी एवं प्रारम्भिक पूँजी का अन्तर व्यापारिक अवधि में कमाये गये लाभ या हानि को व्यक्त करेगा।

यदि व्यापारी ने वर्ष के दौरान आहरण किये या पूँजी निकाली है तो उससे अन्तिम पूँजी कम हो गई होगी, अतः व्यापारी द्वारा किये गये आहरणों व आहरित पूँजी को अन्तिम पूँजी में जोड़ा जाता है।इसी प्रकार वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूँजी लगाने के कारण अन्तिम पूँजी बढ़ गई होगी, अतः इसे अन्तिम पूँजी में घटाया जाता है तथा उसके पश्चात् की समायोजित पूँजी की तुलना प्रारम्भिक पूँजी से करके व्यापार की लाभ-हानि ज्ञात की जाती है।व्यापार के लाभ-हानि की गणना लाभ-हानि का विवरण बनाकर निम्न प्रकार की जा सकती है

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Statement of Profit or Loss

Particulars		Amount ₹
Capital at the end (Closing Capital)		.....
Add : Drawings during the year		.....
Add : Capital withdrawn during the year		.....
		.....
Less : Additional Capital introduced during the year		.....
	Adjusted Capital	.....
Less : Capital at the beginning (Initial Capital) of the year		.....
Profit (+) or Loss (–) for the year		.....

4. सम्पत्तियों व दायित्व सम्बन्धी समायोजन-कभी-कभी व्यापारी अपूर्ण लेखों की स्थिति में भी सम्पत्तियों पर ह्रास, डूबत-ऋण आयोजन, बट्टे के लिए आयोजन एवं संदिग्ध दायित्वों के लिए प्रावधान करता है।अन्तिम अवस्था विवरण बनाते समय सम्बन्धित सम्पत्ति में से ये आयोजन घटाकर अपलिखित मूल्य लिए जाते हैं।यह ध्यान रहे कि इन आयोजनों को अवस्था विवरण/स्थिति पत्रक के अलावा अन्य कहीं भी नहीं दिखाया जायेगा।

5. पूँजी पर ब्याज, आहरण पर ब्याज, स्वामी के वेतन के लिए समायोजन-लाभ-हानि के विवरण द्वारा ज्ञात लाभ-हानि में पूँजी पर ब्याज तथा साझेदार या स्वामी को दिये गये वेतन को घटाया जाता है जबकि आहरण के ब्याज को जोड़ा जाता है।इस प्रकार से ज्ञात किया गया लाभ वर्ष का शुद्ध लाभ होगा।

6. स्थायी सम्पत्तियों के विक्रय पर लाभ-हानि का समायोजन-व्यापारिक लाभ आयगत प्रकृति का होता है जबकि स्थायी सम्पत्तियों के विक्रय से लाभ या हानि पूँजीगत प्रकृति का होता है।अतः लाभ-हानि की गणना करते समय स्थायी सम्पत्ति के विक्रय से प्राप्त पूँजीगत लाभों को शुद्ध लाभ में घटाया जाता है तथा पूँजीगत हानि को जोड़ा जाता है।

उदाहरण द्वारा स्पष्टीकरण: कपिल अपने लेखे अपूर्ण लेखा विधि के अनुसार रखता है।31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए इसकी लेखा पुस्तकों से निम्नलिखित शेष उपलब्ध किये गये है।

Debtors ₹ 50,000, Cash in hand ₹ 100, Stock (estimated) ₹ 30,000, Furniture ₹ 6,000, Creditors ₹ 20,000, Bank Overdraft ₹ 9,900.

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Statement of Affairs
as on 31st March, 2020

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	20,000	Cash in Hand	100
Bank Overdraft	9,900	Stock	30,000
Capital *(Balancing Figure)*	56,200	Debtors	50,000
		Furniture	6,000
	86,100		86,100

कपिल ने बताया कि उसने अप्रेल 1, 2019 को 40,000 रुपए की पूँजी (30,000 रुपए नकद तथा 10,000 रुपए स्टॉक) से व्यापार प्रारम्भ किया।2019 - 20 वर्ष में उसने अपनी मोटर साइकिल विक्रय कर 12,500 रुपए अतिरिक्त पूँजी व्यवसाय में विनियोजित की तथा घर खर्च हेतु 3,000 रुपए प्रतिमाह के आहरण किये।कपिल का वर्ष 2019 - 20 का लाभ क्या होगा?

टिप्पणी: प्रारम्भिक पूँजी ज्ञात करने के लिए सम्बन्धित वर्ष के आरम्भ का अवस्था विवरण/स्थिति पत्रक नहीं बनाया जाएगा, क्योंकि व्यापार इसी वर्ष 40,000 रुपए की पूँजी से प्रारम्भ किया गया था।अत: वर्ष की प्रारम्भिक पूँजी ज्ञात होने पर प्रारम्भिक अवस्था विवरण/स्थिति पत्रक (Statement of Affairs) नहीं बनाया जाएगा।

Net Profit = Final Capital + Drawings - Additional Capital - Initial Capital

= ₹ 56,200 + 36,000 - 12,500 - 40,000

= ₹ 39,700

प्रश्न 2 क्या किसी व्यापारी द्वारा रखे गए अपूर्ण खातों से लाभ-हानि खाता व तुलन-पत्र बनाना संभव है? क्या आप इससे सहमत हैं? व्याख्या कीजिए।

उत्तर – जी हाँ, किसी व्यापारी द्वारा रखे गये अपूर्ण खातों से लाभ-हानि खाता व तुलन-पत्र बनाना सम्भव है, यद्यपि इसमें कुछ कठिनाई अवश्य आती है।व्यापारिक और लाभ व हानि खाता तथा तुलन-पत्र बनाने के लिए व्यय, आय, परिसंपत्तियों एवं देयताओं की पूरी सूचना की आवश्यकता होती है।अपूर्ण अभिलेखों में लेनदार, नकद क्रय, देनदार, नकद विक्रय, अन्य नकद भुगतान एवं

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नकद प्राप्ति आदि कुछ मदों का विस्तृत ब्योरा सरलता से प्राप्त हो जाता है।लेकिन कुछ मदें ऐसी भी हैं जिनका निर्धारण परोक्ष रूप से द्वि-अंकीय तर्क पर किया जाता है।

जब एक छोटा व्यवसायी अपने लेखा-अभिलेख अपूर्ण लेखा विधि से रखता है और वर्ष में अर्जित लाभ ज्ञात करने हेतु अन्तिम लेखा विधि प्रयुक्त करता है तो सर्वप्रथम उसे अज्ञात मदों को ज्ञात करना होगा।अज्ञात मदों को ज्ञात करना व्यक्ति विशेष के ज्ञान, बुद्धिमत्ता एवं अनुभव पर निर्भर करता है, फिर भी सामान्यतः निम्नलिखित क्रियाविधि प्रयुक्त की जायेगी।इसके लिए विभिन्न चरण आवश्यक हैं:

1. प्रारम्भिक पूँजी ज्ञात करना: यदि व्यवसायी ने नया व्यापार इसी वर्ष प्रारम्भ किया है तो उसके द्वारा लगाई गई पूँजी ही प्रारम्भिक पूँजी होगी अन्यथा प्रारम्भिक सम्पत्ति एवं प्रारम्भिक दायित्व लेते हुए प्रारम्भिक अवस्था/स्थिति विवरण बनाया जायेगा तथा सम्पत्तियों का दायित्वों पर आधिक्य को प्रारम्भिक पूँजी माना जायेगा।

2. रोकड़ एवं बैंक सारांश तैयार करना: रोकड़ एवं बैंक सम्बन्धित अज्ञात मदों को ज्ञात करने के लिए आवश्यकतानुसार रोकड़ या बैंक सारांश बनाया जाता है।समस्त प्राप्तियों को डेबिट पक्ष में एवं समस्त भुगतानों को क्रेडिट पक्ष में दिखाया जाता है।यदि प्रारम्भिक शेष दिया हुआ है तो उसे सामान्यत: डेबिट में लिखकर अन्तिम शेष ज्ञात कर लिया जाता है और यदि अन्तिम शेष दिया हुआ है तो उसे क्रेडिट पक्ष में लिखकर प्रारम्भिक शेष ज्ञात कर लिया जाता है।

3. कुल देनदार खाता बनाना: इस खाते को बनाकर देनदारों के प्रारम्भिक एवं अन्तिम शेष, देनदारों से प्राप्त राशि, उधार बिक्री ज्ञात की जा सकती है।इन चार प्रमुख मदों में से कोई तीन मद ज्ञात होने पर चौथी अज्ञात मद की गणना की जा सकती है।

Dr. Total Debtors Account Cr.

	₹		₹
To Balance b/d	------	By Cash Received	------
To Sales (Credit)	------	By Bank (Cheque	
To B/R Dishonoured	------	Received)	------
To Interest Charged	------	By B/R Received	------
To Cash Refunds	------	By Discount Allowed	------

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

To Creditors A/c (Endorsed B/R Dishonoured)	------ ------	By Sales Returns By Bad Debts By Transfer (If any) By Allowances By Balance c/d	------ ------ ------ ------ ------
	------		------

4. कुल लेनदार खाता बनाना: इस खाते को बनाकर लेनदारों का प्रारम्भिक एवं अन्तिम शेष, उधार क्रय व . लेनदारों को चुकाई गई राशि ज्ञात की जा सकती है।कुल लेनदार खाते की इन प्रमुख चार मदों में कोई तीन ज्ञात होने पर चौथी अज्ञात मद ज्ञात कर ली जाती है।

Dr. Total Creditors Account Cr.

	₹		₹
To Cash/Bank A/c	------	By Balance b/d	------
To Discount A/c	------	By B.P. Withdrawal	------
To Purchases Return A/c	------	By Interest Charged	------
To Bills Payable A/c	------	By Purchases A/c	------
To Balance c/d	------	(Credit Purchase)	
	------		------

5. प्राप्य बिलों का खाता तैयार करना: इस खाते से प्राप्य बिलों का प्रारम्भिक एवं अन्तिम शेष, प्राप्य बिलों के बदले प्राप्त राशि, देनदारों से प्राप्त स्वीकृत बिल की राशि ज्ञात कर सकते हैं।कोई प्रमुख तीन मदें ज्ञात होने पर अज्ञात चौथी मद की गणना की जा सकती है।

Dr. Bills Receivable Account Cr.

	₹		₹
To Balance b/d	------	By Cash A/c	------
To Debtors A/c		By Bank A/c	
(B/R Received)	------	(Bills Discounted)	------
		By Discount A/c	------
		By Debtors	
		(B/R Dishonoured)	------
		By Creditors	
		(B/R Endorsed)	------
		By Balance c/d	------
	------		------

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

6. देय बिलों का खाता तैयार करना: इस खाते से देय बिलों का प्रारम्भिक एवं अन्तिम शेष, देय बिलों के भुगतान में दी गई राशि, लेनदारों को स्वीकृत बिल की राशि ज्ञात की जा सकती है।उपर्युक्त प्रमुख चार मदों में से कोई तीन मद ज्ञात होने पर चौथी अज्ञात मद देय बिलों का खाता तैयार कर ज्ञात की जा सकती है।

Dr. Bills Payable Account Cr.

	₹		₹
To Cash/Bank a/c	------	By Balance b/d	------
To Rebate A/c	------	By Creditors A/c	
To Creditors		(Bills Accepted)	------
(B.P. Withdrawn)	------		
To Balance c/d	------		
	------		------

7. नकद क्रय तथा नकद विक्रय की राशि ज्ञात करना: नकद क्रय एवं नकद विक्रय की राशि निम्न प्रकार ज्ञात की जा सकती है

नकद क्रय = कुल क्रय - उधार क्रय

नकद विक्रय = कुल विक्रय - उधार विक्रय
